हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, सोमवार 12 जनवरी 2026

11 बुलेट पटाखा, इंकन-ड्राइव और लेन चेंज वाले चालकों पर कार्रवाई



12 कहीं गोवंश टक्कर मारकर जान लील रहे, कहीं कुत्ते हमला कर नोंच रहे



## खबर संक्षेप

### पत्नी पर लाठी से हमला करने का आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** अपनी पत्नी पर लाठी से हमला कर घायल करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने आरोपी को काबू किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि आरोपी की पहचान अंगद राम पुत्र जीत राम निवासी गांव अहरवां, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह आरोपी की पत्नी है तथा 19 नवंबर 2025 को घरेलू विवाद के दौरान कहासुनी बढ़ गई।

### नाकाबंदी कर हेरोइन सहित युवक को पकड़ा

**फतेहाबाद।** नशा तस्करी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक युवक को हेरोइन सहित काबू किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस को विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई थी कि दमकौरा रोड क्षेत्र में एक युवक नशीले पदार्थ की तस्करी में संलिप्त है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर नाकाबंदी की गई।

### मोटरसाइकिल चोर को किया गिरफ्तार

**डबवाली।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के आरोपी को जोगेवाला रोड मंडी डबवाली से चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित काबू किया है। स्पेशल स्टाफ व एवीटी स्टाफ प्रभारी सब इंस्पेक्टर रामफल ने बताया कि अर्शदीप पुत्र वकील राम निवासी कोटली साबो तहसील मलोट जिला मुक्तसर पंजाब ने पुलिस में शिकायत दी कि उसने अपनी बाइक कैफे के बाहर खड़ा किया था। कुछ देर बाद उसने बाहर आया देखा तो उसकी बाइक वहां नहीं मिली।

### पुलिस ने दो हेरोइन तस्कर किए गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने अलग स्थानों से दो नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 20 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पकड़े गए तस्करों की पहचान निर्मल सिंह पुत्र बिंदर सिंह निवासी दादू व राजेश कुमार पुत्र नवल सिंह निवासी गांव भावदीन, जिला सिरसा के रूप हुई है। सीआईए सिरसा प्रभारी ने रविवार को बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव भावदीन क्षेत्र के में मौजूद थी। इस दौरान शक के आधार पर एक युवक को काबू कर तलाशी ली।

### सीडीएलयू में ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में विश्व हिंदी दिवस पर ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रीलंका के जयवर्धनेपुरा विश्वविद्यालय की प्रो. निलंति राजपक्ष मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रो. बीर पाल सिंह यादव ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपने विचार प्रस्तुत किए। संगोष्ठी में विश्वविद्यालय के अनेक वरिष्ठ शिक्षाविदों एवं अधिकारियों ने सहभागिता की।

### बाइक सवार से प्रतिबंधित दवाइयों की खेप बरामद

**फतेहाबाद।** सीआईए फतेहाबाद ने नशा तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक युवक को प्रतिबंधित नशीली गोलियों की कॉमर्शियल मात्रा सहित काबू करने में सफलता प्राप्त की है। सीआईए फतेहाबाद प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल ने बताया कि अपराध जांच शाखा को विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई थी कि एक युवक नशीली गोलियों की आपूर्ति के उद्देश्य से रतिया की ओर गया हुआ है। सूचना के आधार पर सीआईए टीम द्वारा रतिया रोड पर नाकाबंदी की गई। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार एक युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे तत्परता से पीछा कर काबू कर लिया गया।

---

### एफआईआर, वसूली और धमकियों के आरोपों पर भड़के लोग

# महापंचायत : पुलिस भ्रष्टाचार के खिलाफ नरेश सोनी को मिला गांवों का समर्थन

**21 सदस्यीय कमेटी गठित, 15 जनवरी को आंदोलन की रूपरेखा तय होगी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

सीआईए फतेहाबाद के तत्कालीन इंचार्ज और रतिया के तत्कालीन डीएसपी के खिलाफ भ्रष्टाचार की लड़ाई लड़ रहे ज्वेलर्स नरेश सोनी के समर्थन में रविवार को कई गांवों के लोगों की महापंचायत आयोजित हुई। महापंचायत में पुलिसिया प्रताड़ना के खिलाफ तीखी नाराजगी जताते हुए निंदा प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस दौरान नरेश सोनी को न्याय दिलाने के लिए 21 सदस्यीय संघर्ष समिति का गठन किया गया, जो कानूनी सलाह लेने के साथ-साथ उच्च अधिकारियों से संपर्क कर पूरे मामले को आगे बढ़ाएगी। महापंचायत में नरेश सोनी ने वर्ष 2023 से 2026 तक पुलिस भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष के दौरान उन पर की गई कथित पुलिस कार्रवाई का विस्तार से खुलासा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ पुलिस अधिकारी यूट्यूबर्स के साथ मिलकर उन्हें बदनाम करने की साजिश रच रहे हैं, ताकि वह भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों और तत्कालीन सीआईए इंचार्ज की कथित गुंडागर्दी के खिलाफ चल रही कानूनी लड़ाई से पीछे हट जाएं। नरेश सोनी ने पंचायत प्रतिनिधियों के सामने तत्कालीन सीआईए इंचार्ज कपिल सिहाग के इशारे पर टीम द्वारा की गई कार्रवाई के सबूत भी पेश किए। महापंचायत में ढाणी भोजराज के अंतरजातीय विवाह प्रकरण में एससी/एसटी एक्ट की आड़ में वसूली किए जाने के आरोपों का भी खुलासा हुआ। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि डीएसपी रैंक के अधिकारी द्वारा रीडर के माध्यम से अवैध वसूली की गई। वक्ताओं ने इसे कानून का खुला दुरुपयोग करार दिया। नरेश सोनी ने बताया कि थाना भूना में 6 नवंबर 2025 को दर्ज एफआईआर संख्या 329 पूरी तरह मनगढ़ंत दर्ज की है। यह एफआईआर 12 फरवरी 2024 की पुरानी और तथ्यहीन शिकायत के आधार पर दर्ज की गई, जो पुलिस अधिकारियों की आपसी मिलीभगत को दर्शाती है। क्योंकि उनके पास पुलिस द्वारा बनाए गए दबाव की शिकायतकर्ता पक्ष की ऑडियो मौजूद हैं।



भूना। महापंचायत में नरेश सोनी के साथ पुलिस प्रताडऩा पर विचार विमर्श करते हुए प्रतिनिधि। *फोटो: हरिभूमि*

#### हाईकोर्ट में 22 जनवरी को होगी सुनवाई

उन्होंने कहा कि इस संबंध में वह 29 अक्टूबर 2025 को डीजीपी हरियाणा को अवगत करा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने 11 मई 2023 की शिकायत का जिक्र करते हुए बताया कि सीआईए फतेहाबाद के अधिकारियों ने उनकी दुकान में जबरन घुसकर सीसीटीवी कनेक्शन काटा, 2 लाख रुपये वसूले, जबरन फतेहाबाद ले जाकर 40 हजार रुपये छीने और 5 लाख रुपये की मांग की। बाद में अदालत ने एफआईआर को झूठा मानते हुए उन्हें डिस्चार्ज कर दिया। पुलिस शिकायत प्राधिकरण ने भी अधिकारियों को दोषी माना, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। मामला फिलहाल पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में विचाराधीन है। जिस पर 22 जनवरी को सुनवाई होना प्रस्तावित है।

#### झूठे केस में फंसाने की जताई आशंका

नरेश सोनी ने आशंका जताई कि उन्हें फंसाने के लिए नशीले पदार्थ का झूठा केस भी लगाया जा सकता है। उन्होंने डीजीपी हरियाणा से व्यक्तिगत मुलाकात का समय देने और मामले की जांच किसी वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी या स्वतंत्र एजेंसी से कराने की मांग की। महापंचायत में वक्ताओं ने एकजुट होकर संघर्ष तेज करने का ऐलान किया और 15 जनवरी को अगली बैठक बुलाकर आंदोलन की रणनीति तय करने का निर्णय लिया।

---



टोहाना। ट्रांसफार्मर लगाते हुए बिजली कर्मी। *फोटो: हरिभूमि*

### कालोनीवासियों की 25 साल पुरानी मांग पूरी

# राहत : 400 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया

■ शाम होते ही घरों में छा जाता था अंधेरा, लोगों में खुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना

शहर के सुंदर नगर, गैस एजेंसी के पीछे के इलाके में रहने वाले लोगों को अब कम बिजली की समस्या से निजात मिल जाएगी। बिजली निगम ने करीब 25 साल पुरानी मांग को पूरा करते हुए रविवार को 400 केवीए क्षमता का नया ट्रांसफार्मर लगाया है जिससे मोहल्ले के लोगों में खुशी का माहौल है। कॉलोनी के रहने वाले नवजोत, सतबीर, रमेश, विनोद व महेंद्र ने कहा कि उनका एरिया लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहा था। क्षेत्र में करीब 25 वर्षों से पतली बिजली तारों व कम वोल्टेज के कारण लोग भारी परेशानियों का सामना कर रहे थे। घरों में डिम लाइट रहना, बार-बार फाल्ट आना और शाम होते ही अंधेरा छा जाना आम समस्या बन चुकी थी। इस गंभीर समस्या को सामाजिक कार्यकर्ता नवजोत सिंह ढिल्लों ने लगातार सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से उठाया।

#### सीवर लाइन की भी मांग

स्थानीय लोगों ने बताया कि अब घरों में पूरी रोशनी मिल पाएगी और बिजली उपकरण सुचारू रूप से काम करेंगे। हालांकि क्षेत्र की दो-तीन गलियों में कार्य पूरे न होने से अब भी 25 वर्षों से समस्या बनी हुई हैं। लोगों ने बताया कि इन गलियों में सीवर लाइन का कार्य अभी शेष है, जिसके कारण बरसात के मौसम में भारी कीचड़ और गंदगी फैल जाती है। इकॉलोनी के लोगों ने जन स्वास्थ्य विभाग से मांग करते हुए कहा कि जल्द से जल्द सीवर लाइन डाली जाए, वहीं नगर परिषद से अपील करते हुए कहा कि गलियों को डमरू/ईंट से पक्का किया जाए।

---

# नपा की जमीन पर कब्जे का आरोप

■ शोरूम निर्माण से भड़के दुकानदार, सार्वजनिक शौचायल भी तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

उकलाना रोड पर स्थित सब्जी मंडी की मुख्य सड़क पर नगर पालिका की करोड़ों रुपये मूल्य की जमीन पर एक सब्जी विक्रेता द्वारा शोरूम बनाकर कब्जा करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि इस अवैध निर्माण के लिए सार्वजनिक शौचालय को भी हटवा दिया गया, जिससे आसपास के दुकानदारों और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदारों ने संबंधित अधिकारियों को शिकायत देकर कब्जा हटाने की मांग की है।



#### जमीन की कीमत करोड़ो में

दुकानदारों का आरोप है कि शौचालय हटाने के बाद उसी स्थान और उससे सटी नगर पालिका की कीमती जमीन पर शोरूम निर्माण का काम शुरू कर दिया गया है। यह जमीन नगर पालिका की बताई जा रही है, जिसकी कीमत करोड़ों रुपये में आंकी जा रही है। लोगों का कहना है कि खुलेआम सरकारी जमीन पर निर्माण होना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है।

### हरप्रीत कौर ने इंडिया टीम ट्रायल के लिए किया क्वालीफाई

**सिरसा।** भोपाल में आयोजित 68वें ऑल इंडिया शूटिंग चैंपियनशिप में गांव कागदाना निवासी हरप्रीत कौर ने अपने शानदार निशाने से 10 मीटर राइफल एवं 50 मी. (.22) में प्रतिभागिता कर दोनों इवेंट में क्वालीफाई किया। हरप्रीत कौर ने ऑल इंडिया नेशनल चैंपियनशिप क्वालीफाई कर इंडिया टीम ट्रायल में अपनी जगह पक्की कर ली है। इस सिलसिले में हरप्रीत कौर ने बताया कि वह पिछले एक साल से चंडीगढ़ शूटिंग रेंज में प्रशिक्षण ले रही है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी वे 3 बार नेशनल चैंपियनशिप में प्रतिभागिता कर चुकी हैं।

# हाईवे पर ऑयल कंटेनर के कैबिन में शार्ट सर्किट से लगी आग, समय रहते पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

नेशनल हाइवे 9 हिसार रोड पर गांव धांगड़ के समीप खड़े ऑयल कंटेनर के केबिन में रविवार को शार्ट सर्किट के चलते अचानक आग लग गई। केबिन में आग देखकर चालक ने सूझबूझ का परिचय दिया और तुरंत कंटेनर को सड़क किनारे खड़ा कर पुलिस और फायर ब्रिगेड की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम और फायर ब्रिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। यदि आग केबिन से आगे फैलती, तो ऑयल कंटेनर होने के कारण गंभीर हादसा हो सकता था। मिली जानकारी के अनुसार पारस पेट्रो प्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का तेल से भरा टैंकर लेकर ड्राइवर नेशनल हाईवे से जा रहा था। इसी दौरान धांगड़ रोड पर पहुंचा तो टैंकर के केबिन के हिस्से में अचानक आग लग गई।



फतेहाबाद। कंटेनर में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मचारी।

#### बड़ा हादसा टला

इसके उपरांत उपलब्ध संसाधनों और सूझबूझ का प्रयोग करते हुए केबिन में लगी आग पर तुरंत काबू पाया गया। इस आगजनी में केबिन जहां बुरी तरह जल गया वहीं आग को कंटेनर के अन्य हिस्सों तक फैलने से रोक लिया गया। पुलिस की समयबद्ध और साहसिक कार्रवाई के कारण न केवल एक बड़ा हादसा टल गया, बल्कि जन-धन की संभावित भारी क्षति से भी बचाव संभव हो सका।

---

# यात्रा का असर : पुलिस ने गुरु नानकपुरा चौकी क्षेत्र में बढ़ाई सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

नशे के गढ़ के रूप में पहचान रखने वाले गुरूनानकपुरा मोहल्ला में महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा निकाली गई जागरूकता यात्रा के बाद इस क्षेत्र मंल पुलिस ने सुरक्षा कड़ी कर दी है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के दिशा-निर्देशन में पुलिस चौकी गुरु नानकपुरा के क्षेत्र में पैदल गश्त अभियान चलाया गया। यह अभियान नागरिक सुरक्षा और आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण बढ़ाने के उद्देश्य से नियमित रूप से किया जा रहा है। गुरूनानकपुरा पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रमेश ने बताया कि गश्त अभियान के दौरान इलाके के गलियों, प्रमुख चौक और संवेदनशील स्थानों का दौरा किया गया। पैदल गश्त के माध्यम से न केवल संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी गई, बल्कि स्थानीय नागरिकों के बीच सुरक्षा का भरोसा भी मजबूत किया गया। उपनिरीक्षक रमेश ने बताया कि अभियान में चौकी स्टाफ ने लोगों से संवाद कर उनके सुरक्षा संबंधी सुझाव और शिकायतें भी सुनीं। इससे नागरिकों और पुलिस के बीच भरोसेमंद संबंध बनाने में मदद मिली।

# मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में कांग्रेसियों रखा उपवास

■ कांग्रेस कार्यकर्ता लालबत्ती चौक स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में हुए एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर मनरेगा बचाओ संघर्ष अभियान के तहत आज फतेहाबाद शहर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा एक दिवसीय उपवास रखा गया। मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं व नेताओं ने एक दिन का उपवास रखकर प्रतीकात्मक विरोध दर्ज करवाया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ता लालबत्ती चौक स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में उपवास पर बैठ। यह उपवास शाम तक चलेगा। कार्यक्रम में फतेहाबाद के विधायक बलवान दौलतपुरिया, रतिया के विधायक जरनैल सिंह व कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव डॉ.विनीत पूनिया भी शामिल हुए। जिलाध्यक्ष ने बताया कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण मनरेगा योजना कमजोर हो रही है। इसी के विरोध में यह संघर्ष अभियान चलाया जा रहा है। मनरेगा गरीब, मजदूर और ग्रामीण परिवारों की जीवनरेखा है, इसे कमजोर करने के प्रयास बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। इसके विरोध में कांग्रेस पार्टी गांव से लेकर संसद तक आवाज उठाएगी। इसी कड़ी में एक दिन का उपवास रखा जाएगा। इससे पहले जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन भी हुए हैं। आगे भी गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। विधायक बलवान दौलतपुरिया और जरनैल सिंह ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण आजीविका सुरक्षा की रीढ़ रहा है। इस योजना के माध्यम से हर वर्ष 5 से 6 करोड़ ग्रामीण परिवारों को रोजगार मिलता है, जिससे पलायन पर रोक लगती है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है।



फतेहाबाद। उपवास पर बैठे कांग्रेसी। *फोटो: हरिभूमि*

#### आंदोलन का लिया निर्णय

डॉ.विनीत पूनिया ने कहा कि केंद्र सरकार ने मजदूरी में अपना अंशदान 90 प्रतिशत से घटाकर 60 प्रतिशत कर दिया है। इससे राज्यों और श्रमिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा, जो सीधे तौर पर ग्रामीण गरीबों को प्रभावित करेगा। मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाना श्रम की गरिमा और ग्राम स्वराज के मूल्यों पर सीधा आघात है। इसके विरोध में कांग्रेस पार्टी ने मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत चरणबद्ध आंदोलन चलाने का निर्णय लिया है। इस मौके पर बलजिंदर ठरवी, जयपाल सिंह लाली, मंगतराम लालवास, शम्मी रती समेत कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

**त्योहार** लोहड़ी पर्व पर शहर के गुरुद्वारों में कीर्तन के साथ कॉलेजों में भी होंगे कार्यक्रम

# कल दोपहर 3:18 बजे तक भद्रा, शाम को लोहड़ी पूजन और अग्नि प्रज्वलन फलदायी

लोहड़ी उत्तर भारत का एक प्रमुख लोकपर्व, जिसे विशेष रूप से पंजाब व हरियाणा में मनाया जाता

■ लहलहाती यौवन पर आई नई फसल के स्वागत का प्रतीक है यह त्योहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

लोहड़ी का पर्व 13 जनवरी, मंगलवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। अगले दिन 14 जनवरी को मकर संक्रांति मनेगी। श्री श्याम मंदिर फतेहाबाद के पुजारी पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, 13 जनवरी को दोपहर 3 बजकर 18 मिनट तक भद्रा रहेगी, इसलिए लोहड़ी का पूजन और अग्नि प्रज्वलन शाम के समय करना श्रेष्ठ माना गया है। इस दिन सूर्यास्त शाम 5 बजकर 44 मिनट पर होगा, जिसके बाद का प्रदोष काल लोहड़ी पूजन के लिए सबसे शुभ रहेगा। लोहड़ी उत्तर भारत का एक प्रमुख लोकपर्व है, जिसे विशेष रूप से पंजाब और हरियाणा में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी कॉलोनियों तक, लोहड़ी के दिन शाम होते ही अलाव जलाए जाते हैं और लोग पारंपरिक गीतों व नृत्य के साथ इस पर्व को मनाते हैं। शहर के मंदिरो सहित कई जगह अलाव चलाकर शाम को ढोल की धमक पर कार्यक्रम होंगे। लोहड़ी सामाजिक समरसता का भी पर्व है। शहरों की कॉलोनियों, सोसाइटियों और गांवों की गलियों में सामूहिक रूप से अलाव जलाकर लोग नाच-गाकर जश्न मनाएंगे। अहरवां स्थित शहीद बाबा दीप सिंह नर्सिंग कॉलेज, क्रेसंट स्कूल, एमएम बीएड कॉलेज आदि अनेक शैक्षणिक संस्थानों सांस्कृतिक व अन्य कार्यक्रम होंगे। लहलहाती यौवन पर आई नई फसल के स्वागत का प्रतीक है। शहरों में इसकी खास उमंग रहेगी। शाम के समय अग्नि के चारों ओर परिक्रमा करते हुए लोग तिल, गुड़, गजक, रेवड़ी, मूंगफली, मक्का और गेहूं की बालियां अग्नि में अर्पित करेंगे।



पंडित सोनू शर्मा।

#### पर्व का यह रहेगा शुभमुहूर्त और विशेषता

| | |
|---|---|
| लोहड़ी की तिथि | : 13 जनवरी मंगलवार |
| भद्रा समाप्त | : दोपहर 3:18 बजे तक |
| सूर्यास्त का समय | : शाम 5:44 बजे |
| शुभ मुहूर्त | : शाम 5:44 से 7:44 बजे (प्रदोष काल) |

# दो मोटरसाइकिलों में टक्कर एक की मौत, चार घायल

**डबवाली।** उपमंडल के खुइयां मलकाना गांव के पास बीते शनिवार देर रात दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार युवक घायल हो गए। मृतक की पहचान खुइयां मलकाना निवासी कुलवंत सिंह के रूप में हुई है। वह मिठड़ी स्थित मिल्क प्लांट में पनीर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था। हादसे में घायल हुए सभी युवक भी इसी मिल्क प्लांट में काम करते थे। जानकारी के अनुसार बीते शनिवार रात को मिठड़ी मिल्क प्लांट से ड्यूटी खत्म कर कुलवंत सिंह अपने तीन साथियों साहिल, विकास और अभय के साथ एक बाइक पर घर लौट रहा था। कुलवंत बाइक चला रहा था। जैसे ही वे खुइयां मलकाना के पास पहुंचे, सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। वहीं दूसरी बाइक पर उत्तर प्रदेश के लखनऊ निवासी सचिन और ओढ़ां निवासी लखविंद्र सवार थे। ये दोनों अपनी ड्यूटी पर मिठड़ी मिल्क प्लांट जा रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों पर सवार सभी छह युवक सडक़ पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों की मदद से सभी घायलों को तुरंत डबवाली के नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने कुलवंत सिंह को मृत घोषित कर दिया। घायलों में अभय को मामूली चोटें आई हैं। सचिन और लखविंद्र की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए सिरसा के अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मृतक के परिजनों के बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। डबवाली के सरकारी अस्पताल में मृतक का पोस्टमॉर्टम कराया गया।

खबर संक्षेप

## ज्ञानशाला में वार्षिक मूल्यांकन कार्यक्रम

**टोहाना।** श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा द्वारा संचालित ज्ञानशाला के बच्चों का केंद्र के निर्देश अनुसार वार्षिक मूल्यांकन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभा अध्यक्ष विजय कुमार जैन ने बच्चों को ज्ञान वर्धक जानकारी देकर भविष्य के लिए शुभकामना दी। इस दौरान सभा के मंत्री सुभाष जैन ने कहा कि यह मूल्यांकन साल भर की गतिविधियों व ज्ञानार्जन का है। परीक्षा केंद्र व्यवस्थापक योगेश जैन ने बच्चों के वार्षिक मूल्यांकन किया। इस दौरान हरियाणा प्रदेश सभा के महामंत्री अमित जैन विशेष रूप से पहुंचे। ज्ञानशाला प्रशिक्षक दीपिका जैन एवं ज्योति जैन बच्चों की प्रगति बारे विस्तृत रिपोर्ट दी। ज्ञानशाला मूल्यांकन व्यवस्थापक योगेश जैन ने बताया कि बच्चों ने पूरे साल जो शिक्षा ग्रहण की इससे उनको लाभ मिला है।

## रतिया अनाजमंडी में चलाया लंगर

**रतिया।** शहर की अनाजमंडी में क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए लंगर चलाया गया। इस दौरान काफी संख्या में लोगों ने लंगर ग्रहण किया। 73 नंबर से लेकर 98 नंबर तक के दुकानदारों ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए लंगर चलाया गया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए वे हर साल आपसी सहयोग से लंगर चलाते हैं। इस दौरान काफी संख्या में लोगों ने पहुंचकर लंगर ग्रहण किया।

## ज्ञानशाला में वार्षिक मूल्यांकन कार्यक्रम



**रतिया।** दसवें पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज जी के प्रकाशोत्सव को समर्पित गांव लधुवास के गुरुद्वारा सिंह सभा से नगर कीर्तन सजाया गया। श्री गुरु ग्रंथ साहिब महाराज की छत्र छाया में व पांच प्यारों की अगुवाई में महान नगर कीर्तन निकाला जिसका गांव में जगह जगह स्वागत किया गया। इस मौके पर नगर कीर्तन में बाबा बंदा सिंह बहादुर गतका पार्टी के सदस्यों ने गतका के जौहर दिखाए। गुरद्वारा साहिब के ग्रंथी गुरचरण सिंह ने बताया कि संगत के सहयोग से गुरूद्वारा साहिब में आज नगर कीर्तन निकाला गया है। उन्होंने संगत को गुरूद्वारे में आयोजित धार्मिक समारोह में शामिल होने का आग्रह किया।

## शराब ठेके पर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** बास थाना पुलिस ने शराब ठेके में चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एएसआई संदीप कुमार ने बताया कि कुछ दिन पहले गांव भाटोल जाटान के शराब के ठेके से शराब व नगदी चोरी हुई थी और ठेकेदार की शिकायत पर बास बास में मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच करते हुए एएसआई संदीप कुमार ने बास आजमशाह पुर निवासी अजय व संदीप उर्फ मोटू गिरफ्तार कर पकड़े गए दोनों आरोपियों से घटनास्थल की निशानदेही करवाई गई और आरोपी अजय से 900 रूपये व आरोपी संदीप से 850 रुपए की बरामद किए गए। दोनों को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## स्वास्थ्य परामर्श व कृत्रिम अंग जांच शिविर 13 को

**आदमपुर।** समाजसेवी संस्था चौधरी छबीलदास जांदू फाउंडेशन की ओर से दूसरे वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में 13 जनवरी मंगलवार को गांव मोडाखेड़ा में फ्री स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। सहयोगी चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर कृत्रिम अंग वितरण के साथ-साथ रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है । इस दौरान कई चिकित्सक मरीजों की जांच करेंगे। इसके अलावा इस अवसर पर अव्वल रहने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति तथा वरिष्ठ नागरिकों को भी सम्मानित किया जाएगा।

### यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों पर पुलिस का शिकंजा

# बुलेट पटाखा, ड्रंकन-ड्राइव और लेन चेंज वाले चालकों पर कार्रवाई

***रिफ्लेक्टर टेप व जागरूकता अभियान से बढ़ाई सड़क सुरक्षा***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

यातायात पुलिस द्वारा नियमों की अवहेलना करने वालों पर कड़ा एक्शन लिया जा रहा है, वहीं यातायात नियमों व सडक़ सुरक्षा के मूल्यों के प्रति जागरूकता प्रसारित करने के लिए शिक्षण संस्थानों में पहुंचकर जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर प्रभावी कार्य करने के साथ साथ वाहनों, सड़क किनारे खड़े पेड़ों व आवारा पशुओं पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई गई। बीते सप्ताह राइडिंग के 30, बिना नंबर प्लेट वाहन 15, बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट 105, निर्धारित गति सीमा से अधिक गति 87, शराब पीकर वाहन चलाने पर 11, लेन चेंज ड्राइविंग 23, भारतमाला रोड व राष्ट्रीय राजमार्गों पर भारी वाहन खड़े कर यातायात अवरूद्ध करने वाले 109 वाहनों को भी रडार पर लिया गया। बुलेट पटाखा बजाकर आमजन की शांति भंग करने वाले तीन बुलेट बाइक पर भी कार्रवाई की गई और उनके साइलेंसर उतरवाए गए।



**सिरसा।** बुलेट बाइक का चालान करते हुए यातायात पुलिस।

### चालान नहीं, जान बचाना लक्ष्यः राजकुमार

यातायात प्रभारी प्रभारी राजकुमार ने बताया कि वाहन चालक अक्सर लापरवाही बरतते हैं, जिससे न केवल उनका बल्कि अन्य सडक़ उपयोगकर्ताओं का जीवन भी खतरे में पड़ जाता है । उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर भारी वाहन खड़ा करके वाहन चालक धुंध व कोहरे की स्थिति में अन्य वाहन चालकों के लिए खतरा पैदा करते हैं, जो उन पर विशेष तौर से कार्रवाई की जा रही है । उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस का उद्देश्य चालान काटना नहीं, बल्कि आमजन की जिंदगी बचाना है। सडक़ दुर्घटनाओं में होने वाले जान-माल के नुकसान को कम करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों का पालन करते हुए धुंध व कोहरे में विशेष सावधानी बरतें, अपने वाहन की गति को कम रखें, गाड़ी के शीशे पर जमी फाग को हटाने के लिए कुछ देर के लिए एसी ऑन करें, या शीशा खोलें। तेज आवाज में म्यूजिक ना बजाएं क्योंकि कई बार दिखाई न देने वाले वाहन की आवाज सुनकर सतर्कता बरती जा सकती है। अपने वाहन के आगे और पीछे रिफ्लेक्टर टेप लगाएं। ज्यादा कोहरे की स्थिति में वाहन ओवरटेक करने की कोशिश न करें। सडक़ पर लगी सफेद पट्टी के अनुसार अपनी लेन में चलें।




### विद्यार्थियों को दी सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी

**ओढां।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बप्पां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन विद्यार्थियों को सडक़ सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्यातिथि थाना बड़ागुढ़ा थाना प्रभारी राजेश कुमार थे जिन्होंने विद्यार्थियों को सडक़ सुरक्षा विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। थाना प्रभारी राजेश कुमार ने कहा कि सडक़ पर सुरक्षित रहना केवल स्वयं के जीवन की रक्षा नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन की सुरक्षा भी है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं आमजन को यातायात नियमों का पालन, धीमी व नियंत्रित गति, शराब या नशे की स्थिति में वाहन न चलाने, सीट बेल्ट एवं हेलमेट के अनिवार्य प्रयोग तथा चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल का पालन करने की महत्ता पर बल दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी नरेश कुमार ग्रोवर के नेतृत्व में एक जागरूकता रैली निकाली गई।

# महिलाओं को स्वावलंबी बनाना उद्देश्य

***सेवा भारती हरियाणा की ओर से निःशुल्क सिलाई सेंटर शुरू***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

नारी शक्ति उत्थान के तहत सेवा भारती हरियाणा की ओर से गांव बाजेकां में रविवार को निःशुल्क सिलाई सेंटर का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर डॉ. राजेंद्र सिंह कड़वासरा ने कहा कि सेवा भारती लोकहित के लिए अनेक कार्य कर रही है। इसी चरण में बाजेकां गांव में महिलाओं के उत्थान एवं प्रोत्साहन के लिए निःशुल्क सिलाई केंद्र खोला गया है। इस केंद्र के माध्यम से निर्धन परिवारों की महिलाओं को सिलाई का निःशुल्क प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार के योग्य बनाया जाएगा। इससे पहले डॉ. कड़वासरा ने सिलाई केंद्र का शुभारंभ किया और वहां मौजूद महिलाओं को अपने आस-पड़ोस व गांव स्तर पर अन्य महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण लेने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र कंग, सेवा भारती के प्रांत उपाध्यक्ष अविनाश सचदेवा, प्रवीण शर्मा, सेवा केंद्र प्रभारी बेगो रानी के अलावा गांव के काफी गणमान्य लोग व महिलाएं मौजूद रहीं।


**सिरसा।** नि :शुल्क सिलाई सेंटर का शुभारंभ करते हुए।

## जरूरतमंद लोगों ने गर्म वस्त्र वितरित

**सिरसा।** अखिल भारतीय सेवा संघ, शाखा सिरसा की ओर से रविवार को कुष्ठाश्रम एवं पीर बस्ती में ठंड को देखते हुए जरूरतमंद महिला व पुरुषों को गर्म कंबल, शॉल, राशन सामग्री, फल एवं मिठाई वितरित की गई। इस अवसर पर डॉ. इंद्र गोयल ने कहा कि जब हम किसी जरूरतमंद की सेवा करके संतोष अनुभव करते हैं, तो समझना चाहिए कि यह सेवा परमात्मा की इच्छा से ही संपन्न हुई है। ऐसी सेवा का फल यही होता है कि हमें आगे भी सेवा के नए अवसर प्राप्त होते हैं और सेवा कार्य एक दायित्व है, कोई अहसान नहीं। संस्था के अध्यक्ष सूरज बंसल ने सेवा कार्य में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यों के माध्यम से संगठन समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करता है।

# बाबा चांदीराम का 18वां वार्षिक धार्मिक महोत्सव का समापन

### श्रद्धालुओं ने नतमस्तक होकर मांगी मन्नतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

परम संत बाबा चांदीराम पालसर धाम का 18वां वार्षिक धार्मिक महोत्सव धूमधाम से गांव पालसर के प्रांगण में संपन्न हुआ। इस महोत्सव में उत्तर भारत से पहुंचे श्रद्धालुओं द्वारा बाबा की प्रतिमा के आगे नतमस्तक होकर मजार पर चादरें चढ़ाई गई व मन्नतें मांगी। गांव पालसर में आयोजित बाबा चांदीराम के वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में सुबह 11 बजे गांव व आसपास के क्षेत्र में श्रद्धालुओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा भजन कीर्तन किया गया। इसके पश्चात शाम 6 बजे धाम के प्रांगण में धार्मिक महोत्सव की शुरुआत हुई, जिसके अंतर्गत प्रांगण में बाबा की प्रतिमा का अनावरण करते हुए सिद्ध महापुरुषों द्वारा दीप प्रज्वलित कर महोत्सव के शुरुआत की गई। श्रद्धालुओं द्वारा बाबा की मजार पर चादरें चढ़ाई गई व अपनी मन्नते मांगी गई। कार्यक्रम के दौरान हरियाणा व पंजाब से आए हुए धार्मिक कलाकारों द्वारा बाबा की शान में धार्मिक गीत व भजन प्रस्तुत कर संगत को निहाल किया गया। धार्मिक भजनों पर पंडाल में बैठे श्रद्धालु झूमने पर पर मजबूर हो गए।

### जेजेपी के नवनियुक्त हलका प्रधानों ने डॉ. अजय चौटाला से की मुलाकात

# जेजेपी चौधरी देवीलाल की के सिद्धांतों व नीतियों पर आधारित संगठन : चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जननायक जनता पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों के चुने गए हलका प्रधानों ने रविवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला से मुलाकात की और उनका आभार जताया। अजय चौटाला ने सभी चयनित नवीन पदाधिकारियों को अपनी ओर से शुभकामनाएं देते हुए उन्हें पार्टी संगठन के विस्तार एवं मजबूती के लिए प्रेरित किया। चौटाला ने कहा कि जेजेपी चौधरी देवीलाल की कल्याणकारी सिद्धांतों व नीतियों पर आधारित राजनीतिक संगठन है जिसका मूल प्रारूप जनसेवा की प्राथमिकता है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में जेजेपी बीसी सैल के जिला संयोजक ने बलदेव कंबोज को सैल का रानियां हलका प्रधान, जेजेपी किसान सैल ने राममूर्ति ढिल्लों को ऐलनाबाद हलका, महावीर सहारण को सिरसा, मंदीप बराड़ को रानियां हलका प्रधान व जगसीर सिंह को हलका कालांवाली का प्रधान मनोनीत किया गया था।


**सिरसा।** नवचयनित जेजेपी पदाधिकारी अजय चौटाला से आशीर्वाद लेते हुए।

# 'किसान आंदोलन की गौरव गाथा' पुस्तक का लोकार्पण

### श्री युवक साहित्य सदन सिरसा में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

लोक चेतना कला एवं साहित्य मंच सिरसा द्वारा श्री युवक साहित्य सदन सिरसा में रविवार को पुस्तक लोकार्पण एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक एडवोकेट उमेद सिंह द्वारा लिखित पुस्तक, किसान आंदोलन 2020-21 अदम्य संघर्ष व स्वाभिमान की गौरव गाथा का लोकार्पण किया गया। लेखकीय टिप्पणी में उमेद सिंह ने बताया कि ये केवल किसान का आंदोलन ही नहीं था, बल्कि सामाजिक जनजागृति और लोक चेतना का आजादी के बाद सबसे सफल धर्मनिरपेक्ष भाईचारे को स्थापित करने वाला आंदोलन था जिसने सामाजिक भाईचारे को प्रगाढ़ करने के लिए एक नई दिशा दी। साथ-साथ इस आंदोलन ने लोगों को व्यापक एकता के साथ जोर जुल्म जबर के खिलाफ लडऩा भी सिखाया है। आगामी जनसंघर्षों के लिए एक नई नजीर पेश की। बीज बिल-2025 की चुनौतियों पर बोलते हुए मुख्य वक्ता डॉ. बलजीत पूर्व उद्यान अधिकारी एचएयू हिसार ने बहुत बारीकी से समझाया कि इस बिल के पारित होने से भारतीय कृषि कार्पोरेट की मर्जी अनुसार होगी और छोटा किसान लगभग उजड़ जाएगा, उसकी कोई सुनवाई नहीं होगी।


**सिरसा।** गौरव गाथा पुस्तक का लोकार्पण करते हुए अतिथि।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर जनवादी महिला समिति सिरसा की प्रधान एडवोकेट बलवीर कौर गांधी, राजकुमार शेखुपुरिया, रेखा, किसान सभा के राज्य सचिव समित, भरत झाझड़ा, डॉ. सुभाष जोधपुरिया, प्रो. अशोक भाटिया, प्रो. प्रेम कंबोज, प्रिंसिपल नत्थूराम सिंवर, अचलवीर गिलांखेड़ा, प्रिंसिपल बलदेव सिंह, डॉ. बिक्करजीत साधुवाला, एसकेएस के जिला प्रधान मदन खोथ, रमेश सैनी, सोहन सिंह रंधावा, निर्मल सिंह फौजी, रवि कुमार रोड़ी, ज्ञान विज्ञान समिति सिरसा से ललित सोलंकी, अजय पासी, अविनाश कंबोज, अनीश कुमार, रामचंद्र मौर्य, किसान नेता राजेंद्र औलख आदि मौजूद रहे।

### युवाओं के लिए स्वस्थ जीवनशैली विषय पर यूथ कॉन्क्लेव

# अच्छा आहार और पूरी नींद लेना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

शहर के सपड़ा मोहला स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर युवाओं के लिए स्वस्थ जीवनशैली विषय पर यूथ कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंबाला से बहन शैली, डॉ. काजल, युवा अग्रवाल सभा प्रधान गौरव बंसल व मनीष ने शिरकत की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर डीएवी स्कूल प्रिंसिपल डॉ. नीरज, उम्मीद चेरिटेबल ट्रस्ट से सनी मेहता, सीएम विंडो से एनिमेट पर्सन अनीता मेहता पहुंचे। कार्यक्रम में पहुंचने पर बहन वंदना, बहन कौशल्या, बहन बिंदु, बहन अमित, बहन मीना ने सभी का स्वागत किया। इस दौरान डॉ. काजल ने बताया कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए चार बातें जरूरी है जिसमें हमारी दिनचर्या, मेडिटेशन, अच्छा आहार, पूरी नींद लेना स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है।



**टोहाना।** कार्यक्रम को संबोधित करते वक्तागण।

**दिलवाया संकल्प**

भारत सरकार ने स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिन को युवा दिवस मनाने का निर्णय लिया है जो सराहनीय कदम है। इस दौरान बहन वंदना ने उपस्थित युवाओं को सामाजिक बुराइयों से दूर रहने व देशहित में कार्य करने का संकल्प दिलाया, वहीं बहन कौशल्या ने सभी को राजयोग करवाया। इस दौरान बच्चों ने सोशल मीडिया से होने वाले दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया कि वे किस प्रकार उनसे बच सकते है।

# राष्ट्र के सर्वांगीण उत्थान के लिए संघ का समर्पण अतुलनीय : जसवीर सिंह

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को बिश्नोई मंदिर के हॉल में नागरिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सह-क्षेत्र संपर्क प्रमुख उत्तर क्षेत्र जसवीर सिंह ने भाग लिया और संघ की एक शताब्दी की यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला।मुख्य वक्ता जसवीर सिंह ने कहा कि डॉ. केशव राम बलिराम हेडगेवार ने वर्ष 1925 में जिस बीज को रोपा था, वह आज एक विशाल वटवृक्ष का रूप ले चुका है। उन्होंने जोर देकर कहा कि संघ की असली शक्ति उसके स्वयंसेवकों के चरित्र, अनुशासन और निस्वार्थ सेवा भाव में निहित है।


**फतेहाबाद।** गोष्ठी को संबोधित करते मुख्य वक्ता।

# गरीबों के अधिकार कुचल रही भाजपाः रामधन

### महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार से जनता त्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष रामधन ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि आज प्रदेश में भाजपा सरकार जनता को झूठे नारों और खोखले वायदों से गुमराह कर रही है। बढ़ती महंगाई, बेरोजग़ारी, भ्रष्टाचार और बिगड़ती कानून व्यवस्था ने आमजन का जीवन नरक बना दिया है, लेकिन सरकार असली मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं। बेरोजग़ार युवाओं की भर्तियां वर्षों से अटकी पड़ी हैं। शिक्षा व्यवस्था बदहाली के दौर से गुजर रही है और सरकारी स्कूलों के प्रति जनता का भरोसा जानबूझकर कमजोर किया जा रहा है। प्रदेश की कानून व्यवस्था चरमराई हुई है और आम आदमी असुरक्षित महसूस कर रहा है। रामधन चौटाला ने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों के संवैधानिक अधिकारों को एक-एक कर खत्म करने की साजिश कर रही है। मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को कमजोर करना करोड़ों गरीब मजदूर परिवारों की रोज़ी-रोटी पर सीधा हमला है। वहीं ईडी और सीबीआई जैसी संवैधानिक संस्थाओं का राजनीतिक दुरुपयोग लोकतंत्र की आत्मा पर हमला है।

### विभिन्न राज्यों की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले, विजेताओं का सम्मान

# बैडमिंटन में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

***युवाओं को नशे से दूर रखने की पहल***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रानियां

गुरदेव इंडोर स्टेडियम संतनगर में तीन दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट के अंतिम दिन रविवार को पंजाब, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, झारखंड, बिहार व एमपी की टीमों के बीच रोचक मुकाबले हुए। ट्रस्ट के अध्यक्ष हरपिंद्र सिंह कूका ने बताया कि टूर्नामेंट में विजेता रही टीमों एवं विजेता खिलाडिय़ों को दिल्ली से आए समाजसेवी अनिल कपूर व सन्नी खुराना ने नगद पुरस्कार व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अनिल कपूर व सन्नी खुराना ने संयुक्त रूप से श्री गुरदेव चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस मेगा टूर्नामेंट के लिए ट्रस्ट पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट का ये कदम युवाओं का ध्यान नशे से हटाकर उन्हें उनके लक्ष्य की ओर ले जाने में कारगर साबित होगा। उन्होंने कहा कि नशा नाश का द्वार है। नशे के कारण परिवार उजड़ रहे हैं। छोटे-छोटे युवा नशे का शिकार होकर अपनी जीवन बर्बाद कर रहे हैं। इउन्होंने ट्रस्ट को अपनी ओर से नकद राशि देकर आर्थिक सहायता भी दी। ट्रस्ट के अध्यक्ष हरपिंद्र कूका ने कहा कि अनिल कपूर व सन्नी खुराना समय-समय पर बच्चों की सुविधाओं के लिए ट्रस्ट का समय-समय पर सहयोग करते रहते हैं। इस मौके पर एसडीओ कर्ण कंबोज, दविंद्र काहलों, चंद्रभान, जसपाल वैध, मास्टर प्रताप सिंह, संजय, अमरपाल खोसा, बक्शीश सिंह भादरा सहित अन्य ट्रस्ट सदस्य उपस्थित थे।


**सिरसा।** एक विजेता को सम्मानित करते अतिथि।

**ये रहे परिणाम**

प्रतियोगिता के अंतिम दिन अंडर-13 गल्ज में सिरसा की दित्या व श्रीगंगानगर की याशी सोनी प्रथम, ब्वायज-13 में समर सिरसा व हिसार के समर बगड़िया की जोड़ी प्रथम, गल्ज-11 में हनुमानगढ़ की अदिति बिश्नोई व युविका त्यागी की जोड़ी प्रथम, जबकि ब्वायज-11 में सिरसा के अमरजीत व श्रेयस प्रताप सिंह की जोड़ी प्रथम रही। इसी प्रकार ब्वायज-17 में सिरसा के गुरमन राय व हिसार के आरोन की जोड़ी प्रथम, गल्ज-15 में जयपुर की प्रियांशी चौधरी व सिरसा की तविशा की जोड़ी प्रथम रही। इसी प्रकार ब्वायज-15 में हिसार के सिद्धार्थ बेनीवाल व श्रीगंगानगर के मयंक की जोड़ी प्रथम रही। गल्ज-13 में सिरसा की दित्या अरोड़ा व श्रीगंगानगर की याशी सोनी की जोड़ी प्रथम रही। ब्वायज-13 में सिरसा के समर व हिसार के समर बगड़िया प्रथम, अंडर-11 गल्ज में अदिति बिश्नोई प्रथम व ब्वायज-11 में सिरसा के अमरजीत व श्रेयस प्रताप सिंह की जोड़ी प्रथम स्थान पर रही।

